परिसीमन बिल से प्रशस्त होगा 2029 में महिला आरक्षण लागू होने का मार्ग- योगी

संसद और विधानसभाओं में महिलाओं को मिलेगा 33 फीसदी आरक्षण

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी



आदित्यनाथ ने केंद्रीय कैबिनेट द्वारा परिसीमन विधेयक को मंजूरी दिए जाने का स्वागत करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय मंत्रिमंडल का हृदय से आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि निर्णय नारी शक्ति वंदनअधिनियम को 2029 के लोकसभा चुनाव में लागू करने का मार्ग प्रशस्त करेगा। इससे संसद और विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने की व्यवस्था प्रभावी हो सकेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में नारी शक्ति वंदन अधिनियम पहले ही संसद से पारित हो चुका है। परिसीमन विधेयक को कैबिनेट की मंजूरी से संसद और विधानसभाओं में सीटों की संख्या में 50 प्रतिशत वृद्धि का रास्ता साफहोगा। 2011 की जनगणना को आधार बनाकर राज्यों की मौजूदा लोकसभा सीटों का अनुपात यथावत रहेगी और उसी अनुपात में सीटों की संख्या बढ़ाई जाएगी। इससे किसी राज्य की हिस्सेदारी प्रभावित होने की आशंका नहीं रहेगी। महिला आरक्षण को प्रारंभिक तौर पर 15 वर्षों के लिए लागू करने और रोटेशन की प्रक्रिया निर्वाचन आयोग के माध्यम से आगे बढ़ाई जाएगी। भारत की आधी आबादी को संसद और विधानसभाओं में कम से कम 33 प्रतिशत प्रतिनिधित्व देने की यह ऐतिहासिक और स्वागत योग्य पहल है।मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश के सभी 80 लोकसभा सांसदों से परिसीमन चुनाव में लागू करने का मार्ग प्रशस्त विधेयक का समर्थन करने की अपील करते हुए कहा कि वे नारी शक्ति वंदन अधिनियम को 2029 के लोकसभा करने में अपना योगदान दें। नारी शक्ति का सशक्तीकरण समृद्ध भारत के निर्माण का आधार है।

मुख्यमंत्री ने किए मां पाटेश्वरी के दर्शन, झुकाया शीश

लखनऊ। गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार सुबह तुलसीपुर में देवी शक्तिपीठ मां पाटेश्वरी मंदिर में दर्शन, पूजन-अर्चन किया। उन्होंने मां की आरती उतारी और सुखी, स्वस्थ व समृद्ध उत्तर प्रदेश के लिए प्रार्थना किया। मुख्यमंत्री ने गोशाला में गुड़-हरा चारा खिलाकर गो माता की सेवा की। मुख्यमंत्री ने मंदिर परिसर की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान मुख्यमंत्री को देख बच्चे उनके पास पहुंचे, जिस पर मुख्यमंत्री ने उनसे स्नेहपूर्वक बातचीत की और चॉकलेट भी दी। सीएम योगी शुक्रवार को गोंडा में युवाओं को लैपटॉप प्रदान करने के उपरांत बलरामपुर पहुंचे। उन्होंने देवीपाटन मंदिर परिसर में कार्यक्रम में हिस्सा लिया और रात्रि विश्राम किया। शनिवार सुबह दर्शन-पूजन के बाद मंदिर में आये श्रद्धालुओं का उन्होंने अभिवादन स्वीकार किया। मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुविधा व स्वच्छता की समुचित व्यवस्था का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री गोशाला में भी गए, उन्होंने यहां गुड़-हरा चारा खिलाकर गोमाता की सेवा की। मुख्यमंत्री ने स्थानीय लोगों, जनप्रतिनिधियों, संतों आदि से मुलाकात भी की।

अन्नपूर्णा भवनों के लिए 500 करोड़ का बजट

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार सार्वजनिक वितरण प्रणाली को अधिक सुदृढ़,पारदर्शी और जनसुविधा केंद्रित बनाने की दिशा में काम कर रही है। प्रदेश में उचित दर की दुकानों को आधुनिक और सुव्यवस्थित स्वरूप देने के उद्देश्य से शुरू की गई अन्नपूर्णा भवन योजना ने उल्लेखनीय प्रगति हासिल की है। खाद्य एवं रसद विभाग की समीक्षा बैठक के लिए तैयार आंकड़ों के अनुसार, प्रदेश में अब तक 8,922 अन्नपूर्णा भवनों का निर्माण पूरा हो चुका है, जबकि 2,377 भवन निर्माणाधीन हैं। अन्नपूर्णा भवनों का निर्माण वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा सहित अन्य योजनाओं के माध्यम से शुरू किया गया था।

महिला आरक्षण का विरोध करने वालों को महिलाएं याद रखेंगी: केशव



लखनऊ। राजधानी लखनऊ में डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने महिला आरक्षण और परिसीमन के मुद्दे पर कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों को घेरा। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्षी दलों ने महिला आरक्षण लागू करने की राह में बाधा डालने का काम किया है। मौर्य ने कहा कि देश की मातृशक्ति महिला आरक्षण का विरोध करने वाले दलों को याद रखेगी। उन्होंने प्रदेश की 25 करोड़ जनता की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया। केशव मौर्य ने कहा कि महिला आरक्षण और परिसीमन से जुड़े प्रस्ताव देश के हित में हैं। इनके लागू होने से उत्तर प्रदेश में लोकसभा सीटों की संख्या 80 से बढ़कर 120 और विधानसभा सीटें 403 से बढ़कर करीब 605 हो जाएंगी। उन्होंने कहा कि लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं को 33: आरक्षण मिलने से राजनीति में उनकी भागीदारी बढ़ेगी। डिप्टी सीएम ने सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, अखिलेश यादव और डिंपल यादव से बिल का विरोध नहीं करने की अपील की। उन्होंने कहा कि महिला आरक्षण और परिसीमन से जुड़े प्रावधान लोकतंत्र को मजबूत करने वाले हैं और संविधान की मूल भावना के अनुरूप हैं। केशव मौर्य ने कहा कि बिल पारित होने पर देश और उत्तर प्रदेश में खुशियां मनाई जाएंगी। उन्होंने विपक्षी दलों से महिला आरक्षण के मुद्दे पर सकारात्मक रुख अपनाने की अपील की।

आयुष्मान योजना: फर्जी पैथोलॉजी रिपोर्ट पर सरकार सख्त

फर्जी रिपोर्ट अपलोड करने वाले अस्पतालों की खत्म हो सकती है मान्यता

लखनऊ। योगी सरकार ने आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत मरीजों के इलाज में किसी भी तरह की लापरवाही, फर्जीवाड़े और अनियमितता को रोकने के लिए सख्त रुख अपनाया है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर निजी पैथोलॉजी लैब और कुछ चिकित्सकों की कथित साठगांठ से जांच रिपोर्टों में हेरफेर करने तथा मरीजों को अनावश्यक जांचों के लिए भेजने की शिकायतों पर शिकंजा कस दिया गया है। योगी सरकार ने आयुष्मान योजना के तहत सूचीबद्ध सभी अस्पतालों के लिए पैथोलॉजी जांच की गुणवत्ता, पारदर्शिता और प्रमाणिकता सुनिश्चित करने के लिए दिशा-निर्देशों का पालन अनिवार्य कर दिया है। अब किसी भी जांच रिपोर्ट को योग्य और रजिस्टर्ड पैथोलॉजिस्ट के सत्यापन और हस्ताक्षर के बिना मान्य नहीं किया जाएगा। वहीं, मशीन से तैयार जांच रिपोर्ट में मैनुअल बदलाव करने और फर्जी रिपोर्ट अपलोड करने वाले अस्पतालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। साचीज की सीईओ अर्चना वर्मा ने बताया कि योगी सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को पारदर्शी, जवाबदेह और मरीजों के हितों के अनुरूप बनाने पर जोर दे रही है। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाओं के महानिदेशक की ओर से 10 नवंबर को जारी दिशा-निर्देशों को आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के सभी सूचीबद्ध अस्पतालों के लिए लागू किया गया है। साचीज ने इस संबंध में आयुष्मान योजना से जुड़े सभी अस्पतालों को स्पष्ट निर्देश जारी कर दिए हैं। इसका मकसद जांच के नाम पर होने वाले संभावित फर्जीवाड़े, गलत रिपोर्टिंग और मरीजों पर अनावश्यक आर्थिक एवं चिकित्सकीय बोझ को रोकना है। नए निर्देशों के अनुसार प्रत्येक पैथोलॉजी जांच रिपोर्ट का सत्यापन केवल अर्ह और रजिस्टर्ड पैथोलॉजिस्ट ही करेंगे। इसके लिए संबंधित विशेषज्ञ के पास एमडी, डीएनबी या डीसीपी पैथोलॉजी अथवा संबंधित विषय में मान्य योग्यता होना जरूरी है। रिपोर्ट पर पैथोलॉजिस्ट का नाम, शैक्षणिक योग्यता और पंजीकरण संख्या दर्ज करना भी अनिवार्य होगा। फार्मासिस्ट, लैब टेक्नीशियन या कोई अन्य कर्मचारी स्वतंत्र रूप से पैथोलॉजी रिपोर्ट जारी नहीं कर सकेगा। जांच केवल विधिवत पंजीकृत और अधिकृत पैथोलॉजी प्रयोगशालाओं में ही कराई जाएगी। रिपोर्टों का योग्य एवं पंजीकृत पैथोलॉजिस्ट से सत्यापन अनिवार्य होगा। जांच रिपोर्टों में हेरफेर रोकने के लिए मशीन से तैयार होने वाले परिणामों को लेकर भी सख्त प्रावधान किया गया है। प्रत्येक मरीज के सैंपल को एक विशिष्ट पहचान संख्या देना अनिवार्य किया गया है।

महिला आरक्षण में एससी-एसटी महिलाओं को मिले अलग कोटा-मायावती

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री और बसपा प्रमुख मायावती ने लोकसभा और विधानसभा में महिलाओं को 33: आरक्षण देने के केंद्र सरकार के फैसले का स्वागत किया है। हालांकि, उन्होंने मांग की है कि इस आरक्षण में अनुसूचित जाति (एससी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) की महिलाओं के लिए अलग से कोटा तय किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि ऐसा होने से सदियों से शोषित और उपेक्षित महिलाओं को राजनीति में आगे बढ़ने का उचित अवसर मिलेगा। मायावती ने कहा कि बसपा शुरू से ही महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और राजनीति में उनकी भागीदारी बढ़ाने की पक्षधर रही है। पार्टी लगातार लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं को 33: आरक्षण देने की मांग करती रही है। इसलिए केंद्र सरकार के ताजा फैसले का स्वागत करती है।

चार एसीपी के हुए तबादले,अरविंद और विवेक को नई तैनाती

लखनऊ। लखनऊ पुलिस कमिश्नरेट में शुक्रवार को सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) स्तर के चार अधिकारियों की तैनाती में बदलाव किया गया। पुलिस कमिश्नरेट की ओर से जारी आदेश में अधिकारियों को नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। इसमें समीर कुमार सिंह को गोसाईंगंज, ऋषभ यादव को यातायात, अरविंद कुमार को बाजारखाला और विवेक यादव को काकोरी का एसीपी बनाया गया है।

स्वरोजगार से आत्मनिर्भर बन रहे लाभार्थी-सचान

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार युवाओं और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के साथ स्वरोजगार के नए अवसर उपलब्ध करा रही है। सरकार की योजनाएं ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के लिए आजीविका का मजबूत माध्यम बन रही हैं। इसका उदाहरण गोमती नगर स्थित केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय परिसर में शुरू हुए 10 दिवसीय राज्य स्तरीय उत्तर प्रदेश खादी महोत्सव-2026 में देखने को मिला। खादी एवं ग्रामोद्योग मंत्री राकेश सचान ने शुक्रवार को महोत्सव का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड की नि:शुल्क टूल किट वितरण योजना के तहत लाभार्थियों को दोना-पत्तल मेकिंग मशीन समेत अन्य किट वितरित की गईं। स्वरोजगार के लिए मशीनें और किट पाकर लाभार्थियों के चेहरे खिल उठे। लखनऊ के माल निवासी मोहित को दोना पत्तल की किट मिली है। उन्होंने बताया कि वह अभी तक खेती-किसानी करके परिवार का पालन-पोषण कर रहे थे। एक महिला अधिकारी से उन्हें नि:शुल्क टूल किट योजना की जानकारी मिली, जिसके बाद उन्होंने आवेदन किया। ग्रेजुएशन तक पढ़ाई कर चुके मोहित अब दोना-पत्तल बनाने की मशीन से अपना कारोबार शुरू करेंगे और उसे आगे बढ़ाएंगे।

दो वरिष्ठ आईपीएस अफसरों के तबादले

लखनऊ। प्रदेश सरकार ने दो वरिष्ठ आईपीएस अफसरों के तबादले कर दिए हैं। आगरा जोन के अपर पुलिस महानिदेशक (एडीजी) एस.के. भगत को लखनऊ मुख्यालय भेजा गया है, वहीं उनकी जगह एडीजी प्रशासन प्रशांत कुमार को आगरा जोन का नया एडीजी बनाया गया है।शासन की ओर से जारी आदेश के बाद दोनों अफसरों की नई तैनाती को लेकर पुलिस महकमे में हलचल तेज हो गई है।

भाजपा यूपी का चुनाव हार रही,इसीलिए परिसीमन बिल ला रही-अखिलेश

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा उत्तर प्रदेश का चुनाव हार



रही है, इसीलिए परिसीमन बिल ला रही है। इस सरकार की डिजिटल इंडिया, मेक इन इंडिया जैसी योजनाएं और नोटबंदी का फैसला पूरी तरह से फेल हो गया। बैंके डूब गई। अर्थव्यवस्था बर्बाद हो गई। किसान, नौजवान, व्यापारी, जेन जी भाजपा सरकार से नाराज है। भाजपा सरकार किसान को समय पर खाद, बीज नहीं दे पा रही है। महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार चरम पर है। भाजपा सरकार जनता का ध्यान हटाने के लिए परिसीमन बिल लेकर आ रही है। यह बातें उन्होने शनिवार को संभल मे एक कार्यक्रम में शामिल होने के बाद मीडिया से बात करते हुए व्यक्त कीं। उन्होने कहा कि भाजपा का कोई नैरेटिव सेट नहीं हो रहा है। भाजपा का कमल मुरझा गया है जनता भाजपा से बहुत नाराज है। 10 साल में भाजपा सरकार ने कोई काम नहीं किया इसीलिए अब नया नारा दे रही है। भाजपा नफरत और भेदभाव की राजनीति करती है। उन्होंने आरोप लगाते हुये कहा कि भाजपा का एनडीए गठबंधन नेगेटिव है। भाजपा के लिए चुनाव ही सब कुछ है। भाजपा सरकार को देश की सीमाओं की चिंता नहीं है, वह लोकसभा क्षेत्र की सीमाओं को बदलना चाहती है। भाजपा की सरकार में देश की सीमाएं सिकुड़ रही है। चीन हमारे देश की सीमाओं पर कब्जा कर रहा है, भाजपा सरकार को इसकी चिंता नहीं है। श्री यादव ने कहा कि भाजपा सरकार बताए कि 2014 में जब वह केंद्र की सत्ता में आई थी तब सरकार भारत का क्षेत्रफल कितना था और अब 2026 में हमारे देश का क्षेत्रफल कितना है। उन्होने कहा कि समाजवादी पार्टी महिला आरक्षण के पक्ष में है। महिला आरक्षण पहले पास हो चुका है, महिला आरक्षण में पीडीए की महिलाएं शामिल हो। उन्होने कहा इंडिया गठबंधन मजबूत है। समाजवादी पार्टी इंडिया गठबंधन उत्तर प्रदेश में भाजपा को हराने जा रहा है। समाजवादी पार्टी की सरकार में किसानों का कर्ज माफ होगा, गन्ना किसानों का 24 घंटे में भुगतान किया जाएगा। श्री यादव ने कहा कि वर्चस्ववादी लोग पीडीए के खिलाफहैं, जो लोग पीडीए को पीडा और दुख दे रहे हैं, वह इस बार सत्ता से बाहर हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि संभल का समाजवादियों से बहुत पुराना रिश्ता है। संभल ऐतिहासिक और बहुत पुराना शहर है। संभल ने हमेशा समाजवादियों को प्यार और सम्मान दिया। संभल के लोगों की पहचान सेकुलर और लोकतांत्रिक है।

हर विधानसभा में 25 हजार वोटर भाजपा से निराश-अखिलेश

लखनऊ। समाजवादी पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि नौकरी भाजपा के एजेंडे में है ही नहीं,क्योंकि नौकरी देनी पड़ेगी तो पीडीए को आरक्षण भी देना और वेतन भी देना पड़ेगा। वेतन देने में कमीशनखोरी नहीं हो पाती है, इसीलिए भाजपा सरकार संविदा-ठेके पर लोगों को रखती है और ठेकेदारों से कमीशन वसूलती है। हम फिर दोहरा रहे हैं जब शिक्षा अच्छी होगी, परीक्षा सच्ची होगी तब ही सच में तरक्की होगी। जारी बयान में श्री यादव ने कहा कि रद्द हुई उ.प्र.पीसीएस प्री की परीक्षा देनेवाले 265270 पीड़ित परीक्षार्थियों के साथ अगर केवल उनके पीड़ित माता-पिता को ही जोड़ लिया जाए तो कुल आँकड़ा 3795810 पीड़ितों का हुआ। इसी तरह लगभग 20 अन्य पेपर लीक व भर्ती-परीक्षाएँ जो हुईं, जिनमें लाखों अभ्यर्थी होते हैं। उनकी भी सामान्य गणित निकालते हुए 20 से गुणा कर दें तो पीड़ितों को ये आँकड़ा 15916200 हो जाएगा। अब इसे अगर 403 विधानसभाओं से भाग दे दिया जाए तो ये आँकड़ा आएगा लगभग 39494 नये पीड़ित प्रति विधानसभा हो जाते है। इसमें से अगर ये भी मान लें कि लगभग एक तिहाई बेरोजगार अभ्यर्थियों ने सभी परीक्षाओं में भाग लिया होगा, तो उन्हें व उनके माता-पिता को भी घटाकर आँकड़ा आयेगा 13164 अब इसे टोटल से घटा देंगे तो 26330 का आँकड़ा आएगा। उन्होने कहा कि अगर हम कम से कम भी मान लें तो परीक्षा भर्ती रद्द होने जैसी शिक्षा परीक्षा की धाँधलियों के कारण हर विधानसभा सीट पर लगभग 25000 पीड़ित युवा व आम वोटर भाजपा से बुरी तरह से हताश और निराश हैं।

